# कार्यालय समन्वयक, पी.टी.ई.टी.-2025

## वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

क्र.सं. वमखुवि/PTET/2025/ 1080 दिनाँक 03/09/2025

## अधिसूचना संख्या- 13/2025

दो वर्षीय बी.एड एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए. बीएड/बी.एससी बीएड कार्यक्रमों हेतु प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग उपरांत शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय काउंसलिंग की प्रक्रिया निम्न तालिकानुसार की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी पीटीईटी 2025 की वेबसाईट www.ptetvmoukota2025.in का नियमित अवलोकन करें एवं जारी कैलेंडर/गाइडलाइंस के अनुसार कार्यवाही निर्धारित समय पर पूर्ण करें।

### तृतीय काउंसलिंग शेड्यूल

| विवरण | दिनाँक |
|---|---|
| ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000/- ऑनलाइन/ ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना | 04.09.2025 से 10.09.2025 |
| महाविद्यालय चयन हेतु ऑनलाइन विकल्प भरना (केवल वह अभ्यर्थी जो पंजीकरण शुल्क रु 5000/- जमा करवा चुके हैं) | 06.09.2025 से 18.09.2025 |
| तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय की सूचना | 23.09.2025 |
| प्रवेश हेतु शेष शुल्क रु. 22000/- बैंक ऑनलाइन / ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना। | 23.09.2025 से 29.09.2025 |
| तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय में व्यक्तिशः रिपोर्ट | 23.09.2025 से 03.10.2025 |

**विशेष निर्देश :-**

1. प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग के अंतर्गत महाविद्यालय आवंटन के उपरांत शेष बची हुई सीटों पर अभ्यर्थियों को सीट आवंटन मेरिट, संकाय एवं श्रेणी अनुसार किया जाएगा।
2. वह समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम काउंसलिंग, अपवर्ड मूवमेंट, द्वितीय काउंसलिंग में आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्ट नहीं किया है वह समस्त अभ्यर्थी इस काउंसलिंग प्रक्रिया में आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।
3. तृतीय काउंसलिंग में शामिल होने हेतु नवीन महाविद्यालय विकल्प (Choice Filling) भरना अनिवार्य है।
4. अभ्यर्थियों को इस काउंसलिंग में महाविद्यालय वरीयता के साथ ही जिलों की वरीयता चयन का विकल्प भी दिया जायेगा ।

समन्वयक
पी.टी.ई.टी 2025